| 101. | रामनारायण पुत्र सुगना जाट | जाट | श्रीरामपुरा | मिसला अनुसार |
| 102. | रतना पुत्र सुगना जाट | जाट | श्रीरामपुरा | मिसला अनुसार |
| 103. | छोटी पत्नी सावरा जाट | जाट | श्रीरामपुरा | मिसला अनुसार |
| 104. | भूरी देवी पत्नी बद्री लाल | जाट | श्रीरामपुरा | मिसला अनुसार |
| 105. | भागचन्द जैन पुत्र कुन्दनमल जैन | जैन | बंथली | मिसला अनुसार |
| 106 | मनभर पत्नी शिवकरण जाट | जाट | श्रीरामपुरा | मिसला अनुसार |

उपरोक्त सूची अनुसार यदि पूर्व में किसी स्तर से कोई पट्टा जारी हो, किसी भी प्रकार का आपसी भाई बंटवारा और विवाद हो या किसी न्यायालय में कोई प्रकरण विचाराधीन हो या किसी भी पडौसी, व्यक्ति, संस्था, सरकारी विभाग, राजस्व विभाग को उपरोक्त सूची के आवेदनकर्ताओं के संबंध में किसी भी कोई आपति हो तो आपत्ति प्रकाशन होने की तारीख से 30 दिवस (एक माह) के भीत र ग्राम पंचायत कार्यालय काशीर में आपत्ति मय दस्तावेज सबूत प्रस्तुत करें। बाद मियाद किसी भी कार्यवाहीं के लिए ग्राम पंचायत जिम्मेदार नहीं रहेगी और किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। यदि पूर्व में पट्टे पर पट्टा जारी होना पाया जाता है तो पूर्व में जारी पट्टा स्वतः ही निरस्त समझा जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं पट्टाधारक की होगी एवं पट्टाधारक कानूनी कार्यवाही के लिए जिम्मेदार होगी एवं समस्त जिम्मेदारी आवेदनकर्ता की होगी। अतः सूचित रहे।

जितेन्द्र सिंह शेखावत
ग्राम विकास अधिकारी,
ग्राम पंचायत काशीर पं.सं. (अजमेर)

भागचन्द जाट
प्रशासक
ग्राम पंचायत काशीर, पं.सं. (अजमेर)

## संक्षिप्त

### दो करोड़ की लागत से सड़कों की मरम्मत

**मदनगंज-किशनगढ,**(निस)। सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा दो करोड़ रूपये की लागत से शहरी क्षेत्र में विभिन्न सड़कों की मरम्मत व उन्नयन कार्य किया जा रहा है। भाजपा नेता महेंद्र पाटनी को बताया कि सिटी रोड खिड़की वाले बालाजी मंदिर से अंबेडकर सर्किल तक लंबे समय से क्षतिग्रस्त सड़क पर लगभग चार सौ मीटर तक सी सी रोड निर्माण के लिए खुदाई कार्य शुरू हो गया। टॉक पेट्रोल पंप से आर ओ बी रूपनगढ रोड चुंगी वाले बालाजी, गांधीनगर में रावत टैंकर वाले के मकान से जगदंबा स्कूल की ओर डामरीकृत (बी टी) रोड जीर्णोद्धार निर्माण कार्य भी शीघ्र शुरू किया जायेगा। भाजपा नेता पाटनी ने बजट के कार्य भी अभी तक पूरे नहीं होने पर नाराजगी जाहिर कर कहा सभी कार्य शीघ्र पूरे कराये जाये। पूर्व महामंत्री जयराम मालाकार व विपिन काबरा, वरिष्ठ नेता महेंद्र पाटनी, जिला उपाध्यक्ष किशन गोपाल दरगड़ व राजीव शर्मा सहित क्षेत्रीय वाशिंदों ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से संपर्क कर अंबेडकर सर्किल से आगे स्वीकृत सी सी रोड निर्माण कार्य के लिए ठेकेदार कंपनी को पाबंद करने की मांग की थी।

### दिन में बिजली आपूर्ति से फसले नष्ट

**मदनगंज-किशनगढ़,**(निस)। विधायक विकास चौधरी ने ऊर्जा मंत्री को पत्र प्रेषित कर किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं का निस्तारण करने की मांग करते हुए वादाखिलाफी का आरोप लगाया। विधायक चौधरी ने कहा किसानो की बिजली आपूर्ति का समय दिन के बजाय सुबह किया जाये, अन्नदाता अपनी फसल की सिंचाई के लिए भरी दोपहरी में खेत में खड़ा रहता है, हद तो तब हो जाती है जब 6 घंटे की बिजली में भी दर्जनों बार कटौती की जा रही है। यहां तक की जब तक वह कुएं से अपने खेत तक पहुंचता है तब तक बिजली काट दी जाती है, जिससे फसल नष्ट हो रही है। विधायक चौधरी ने आरोप लगाया की चुनावी घोषणा पत्र में किसानो की बिजली आपूर्ति के समय को बढ़ाने वादा किया था। चुनावी घोषणा पत्र में किए गए वादे को निभाकर राज्य सरकार किसानो को 8 घंटे बिजली दे।

### झड़वासा विद्यालय का शत-प्रतिशत परिणाम

**नसीराबाद,** (निसं)। झड़वासा कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ने कला संकाय में राजस्थान बोर्ड की 12वीं परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम देकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कुल 36 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिसमें 28 छात्रों ने प्रथम श्रेणी और 8 ने द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की। विद्यालय के परीक्षा प्रभारी हेमराज मेघवंशी ने जानकारी दी कि इस वर्ष का परिणाम ऐतिहासिक रहा। पंचायत झड़वासा के निजामपुरा गांव के विक्रम खारोल, पुत्र मोहनलाल खारोल ने 92 प्रतिश अंक अर्जित कर पिछले 11 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। वहीं दिनेश गुर्जर ने 91 प्रतिशत और संतोष गुर्जर ने 89.80 अंक प्राप्त कर क्रमश: द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य कौशल्या यादव और समस्त संस्था परिवार ने उत्कृष्ट परिणाम के लिए विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिसर में परिणाम की घोषणा के साथ ही खुशी और गर्व का माहौल छा गया। अभिभावकों ने भी छात्रों की इस उपलब्धि पर उत्साहपूर्वक अपनी शुभकामनाएं दीं।

### पांच भूखंडों की नीलामी

**अजमेर ।** अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर द्वारा पृथ्वीराज नगर योजना के पूर्व निर्धारित व्यावसायिक ब्लॉक के पांच भूखंडों का नीलामी कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें से भूखण्ड संख्या 64, 54, 56, 77 एवं 66 के भूखण्डो का विक्रय जरिए नीलामी किया गया जिसमें से भूखण्ड संख्या 56 की प्रारंभिक दर 90 हजार प्रति वर्ग मीटर रखी गई थी जिसमें कुल 16 बीड राशि जमा हुई तथा बोलियां लगी उक्त भूखंड में 800 से भी अधिक बोलिया लगी भूखंड पर उच्चतम बोली 211000 प्रति वर्ग मीटर प्राप्त हुई है अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर द्वारा 14 मई से 21 मई में कुल 33 भूखंडों में से 22 भूखंडों का विक्रय जरिए नीलामी किया गया है। आयुक्त नित्या के. के निर्देश के अनुसार उक्त क्षेत्र के विकास में सड़क पानी लाइट में लगभग 38 करोड रुपए की लागत से विकास कार्य कराए गए हैं। उक्त क्षेत्र की नीलामी से भविष्य में प्राप्त होने वाली आय से भी विकास कार्य तीव्र गति से कराई जाएगी।

# भारतीय सैनिकों के शौर्य पराक्रम के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली

**बिजयनगर,** (निसं)। भारतीय सैनिकों के शौर्य पराक्रम से ऑपरेशन सिंदूर की सफल कामयाबी एव दुश्मन देश के आतंकी ठिकानों को समाप्त करआतंक का अंत करने पर देश सेनिको के सम्मान मे तिरंगा वाहन रैली निकाली गई। क्षेत्रीय विधायक वीरेन्द्र सिंह कानावत ने तैजा चौक से तिरंगा वाहन रैली को तिरंगा लहराकर रवाना किया। तिरंगा यात्रा में

- **आतंकी ठिकानों को समाप्त करआतंक का अंत करने पर देश के सैनिकों के सम्मान मे तिरंगा वाहन रैली निकाली गई**



आपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा रैली निकाली गई।

.देश भक्ति से औत प्रोत नारो के साथ युवा मातृ शक्ति तिरंगा लहराते हुए शामिल हुई। तिरंगा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। तिरंगा यात्रा में अजमेर सांसद एव केंद्रीय राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत विधानसभा संयोजक सुभाष वर्मा भाजपा जिला देहात अध्यक्ष जीतमल प्रजापत जिला मीडिया सहसंयोजक प्रदीप सिंह भदोरिया युवा मोर्चा देहात अध्यक्ष अर्जुन नलिया आशीष सांड कैलाश गुर्जर नगर पालिका अध्यक्ष अनीता मेवाड़ा पूर्व पालिका अध्यक्ष इंद्रजीत मेवाड़ा पालिका उपाध्यक्ष प्रीतम बडोला पूर्व भाजपा देहात जिला अध्यक्ष नवीन शर्मा भाजपा मण्डल अध्यक्ष अमित मोदी नगोला मंडल अध्यक्ष रामगढ़ मंडल अध्यक्ष पूर्व मंडलअध्यक्ष भिनाय प्रधान संपत राज जैन नरेंद्र कानावत पार्षद मनोहर कोगटा राजकुमार आसवानी भारत लाल शर्मा शिव प्रसाद वैष्णव महेश राका दिलीप मेहता प्रद्युम्न व्यास ज्ञानचंद प्रजापत बंटी रामचंदानी सहित भाजपा कार्यकर्तापदाधिकारी एवंनागरिक तिरंगा रैली में शामिल हुए।

## आपदा प्रबंधन के अहम निर्णय

**नसीराबाद ।** गुरुवार सुबह 11 बजे नसीराबाद में उपखंड अधिकारी देवी लाल यादव की अध्यक्षता में समस्त ब्लॉक अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागवार चल रही फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति, जन शिकायतों का निस्तारण और अंतरविभागीय समन्वय से जुड़े विषयों की समीक्षा की गई। बैठक में आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए बाढ़ जैसी आपदाओं से निपटने की तैयारियों पर विशेष चर्चा हुई। उपस्थित संबंधित अधिकारियों को पूर्व तैयारियां पूरी रखने और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। बढ़ते अवैध खनन को देखते हुए अलग से बैठक कर तहसील, पुलिस, खनन व परिवहन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अवैध खनन, भंडारण व परिवहन पर नजर रखते हुए त्वरित कार्रवाई करने के आदेश दिए गए हैं। बैठक के अंत में सड़क सुरक्षा और जीवन की अहमियत को लेकर भी अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए ठोस कदम उठाने की बात कही गई।

## राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई

**मदनगंज-किशनगढ़,**(निस)। ब्लॉक काग्रेस कमेठी की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। कांठोस कार्यालय में आयोज्य श्रद्धांजलि सभा में राजीव गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर भावांजलि दी। विधायक डॉ विकास चौधरी ने कहा राजीव गांधी ने आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर संचार क्रांति, पंचायती राज व्यवस्था जैसे ऐतिहासिक कदम उठाए और देश को नई दिशा दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से उनके आदर्शों को अपनाकर सपनों को साकार करने के लिये संकल्प लेने का आ ान किया। ब्लॉक कमेटी अध्यक्ष मोहित खंडेलवाल ने कहा कि राजीव गांधी ने विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव किये, जिसके कारण भारत आज वैश्विक मंच पर मजबूती के साथ खड़ा है। इस दौरान पार्षद सुशील अजमेरा, महेंद्र यादव, रफीक मोहम्मद, घनश्याम सिंह सोढा, तक्की मोहम्मद, राकेश शर्मा, धन्नालाल यादव, परवीन बानो, वरिष्ठ नेता राधेश्याम वैष्णव, कानाराम चोटिया, सुरेंद्र सिंह राजपुरोहित, आजम कुरैशी, मदन मेघवाल, दीपक बिड़ला, तेजपाल बजाड, माया पीपरवाल, केसरीमल डूकिया, महेंद्र सैन, नोरत साहू, गणेश गुर्जर, राजीव गुलानिया, कैलाश शर्मा, कमल डिडवानिया, अब्बास, मुस्ताक शेख, जमील अंसारी, नेमीचंद खाराड़िया, ब्रजेश जोशी आमिर हनफी, मदन मेघवाल, राजीव चुंडीवाल, शहीद पठान, सलीम शेख, जितेन्द्र गहलोत, आसिफ छिपा, शकील कुरेशी, सलीम कुरैशी, दीपक मेघवाल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तिरंगा रैली में गूंजे भारत माता के जयकारे

**मसूदा** (निसं)। मसूदा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह रावत ने बताया कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद दुश्मन देश को हर-हरकतों का मुंह तोड़ जवाब देने वाली भारतीय सेवा के समर्थन में गुरुवार भाजपा कार्यकर्ताओं ने विशाल तिरंगा रैली निकाली तिरंगा रैली में कार्यकर्ताओं मैं जोरदार उत्साह देखा गया रैली मसूदा स्थित अखाड़े वाले बालाजी परिसर से शुरू होकर मसूदा क्षेत्र के विभिन्न मार्गो से होती हुई गुजरी।

रैली में सभी कार्यकर्ता अपने हाथों में तिरंगे लेकर चल रहे थे इस

- **देशभक्ति के तराने से नजर आया कार्यकर्ताओं का जोश देश के हर सैनिकों ने बढ़ाया गौरव**

अवसर पर सभी भक्तों ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से आतंकवाद के खिलाफ चलाएं गए ऑपरेशन सिंदूर के तहत हमारे देश के सैनिकों ने दुश्मनों की हर नापाक हरकत का करारा और मुंह तोड़ जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि हमें हमारे देश के वीर सपूतों पर गर्व और नाज हैं। जब तक देश का वीर सैनिक सीमा पर रहता है देश को किसी तरह का खतरा नहीं हो सकता है। और कहा कि भारतीय सेवा के पराक्रम पर गर्व करते हुए कहा कि देश का हर सैनिक हमारा गौरव है।सैनिकों के शौर्य ने एक बार फिर दुनिया को अपनी ताकत का एहसास करवा दिया है कि भारत किसी भी स्थिति में निपटने के लिए कमजोर नहीं है।तिरंगा रैली के दौरान समस्त उपखंड क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# महासभा प्रदेश अध्यक्ष पंवार का स्वागत

**ब्यावर** (निसं) रावत राजपूत सर्कल सभा सूरजपुरा (जवाजा) द्वारा राजस्थान रावत राजपूत महासभा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट लक्ष्मण सिंह पंवार का स्वागत किया गया। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व अध्यक्ष नारायण सिंह सेंदडा, पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं मुख्य समन्वयक संतोष सिंह थुनीथाक, महासभा के पूर्व उपाध्यक्ष एवं मुख्य सलाहकार टीकम सिंह एडवोकेट एवं महासभा संयोजक मोहन सिंह भूरीया खेड़ा साथ थे।

16 मिल चौराहे पर पहुंचने पर अध्यक्ष महोदय का ढोल धमाके के

- **गांव में डीजे रोक की मांग**



राजपूत महासभा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट लक्ष्मण सिंह पंवार का स्वागत किया ।

साथ माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने गांव में डीजे प्रतिबंध लगाने, संबंध करते समय गोत्रों का ध्यान रखने, सर्कल सभाओं को सक्रिय करने का आव्हान किया। महासभा अध्यक्ष महोदय ने कहा कि सभी बिंदुओं पर महासभा द्वारा समय-समय पर निर्देश जारी किए जाते हैं। अत: सर्किल सभाओं को इन आदेशों की कड़ाई से पालना करनी एवं करवानी चाहिए। महासभा समय-समय पर संभाग स्तर पर सम्मेलन का आयोजन करेंगे तथा सर्कल सभाओं तक भी पहुंच कर सक्रियता लाने की कोशिश करेगी।

सभी सर्कल सभाओं को महासभा अध्यक्ष के आने पर पदाधिकारी के साथ एवं जातीय सरदारों के साथ अधिक से अधिक इकट्ठे होकर एक दूसरे से संवाद करना चाहिए तथा संगठन को मजबूत करने पर जोर देना होगा। हम एसबीसी आरक्षण की भी सरकार से मांग करेंगे लेकिन आप लोगों के सहयोग के बगैर सार्थक परिणाम नहीं आ सकते। अत: आप लोगों को भी समाज के प्रति जागरूकता लानी होगी आज की मीटिंग का प्रचार गांव और घर में होना चाहिए ताकि नेक्स्ट मीटिंग में अधिक से अधिक लोग भाग ले सके। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन करते हुए जेठ सिंह पंवार ने बताया की सर्कल सभा अध्यक्ष संतोष सिंह, भूर सिंह, लक्ष्मण सिंह, रंजीत सिंह महाराज, जेठ सिंह, धर्मेंद्र सिंह भाटी, माया देवी, किशोर सिंह सूबेदार, दीप सिंह, नरपत सिंह, जेठ सिंह भोपाजी, रतन सिंह पवार, हरि सिंह पवार, प्रभु सिंह पुर्व प्रधान, त्रिलोक सिंह आदि उपस्थित थे।

# अजमेर मंडल मनाएगा विश्व पर्यावरण दिवस

**अजमेर,** 22 मई (कासं)। ''विश्व पर्यावरण दिवस के अंतर्गत एक पखवाड़े तक आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की कड़ी में प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करने' संबंधित विषय पर आधारित एक जागरूकता रैली (प्रभात फेरी) का आयोजन मंडल कार्यालय के समीप स्थित जीएलओ ग्राउंड पर किया गया।

इसमें मंडल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा व उत्तर पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन अजमेर मंडल की अध्यक्षा रिंकल भूतड़ा, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर करनी राम, सहायक यांत्रिक इंजीनियर राजेश कुमार सोनी, सहायक कार्मिक अधिकारी वंदना चौबे सहित रेल कर्मचारिओं व अधिकारियों, महिला कल्याण संगठन की पदाधिकारियों व आर पी एफ जवानों ने भाग लिया।

अजमेर स्टेशन पर आयोजित जागरूकता रैली में स्टेशन मैनेजर अवधेश कुमार व उप मुख्य टिकट निरीक्षक नवाब जोसफ सहित स्टेशन स्टाफ और कुलीयों ने भाग लिया। इसी प्रकार रेलवे अस्पताल अजमेर में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक अरुण कुमार के नेतृत्व में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें रेलवे अस्पताल स्टाफ ने भाग लिया।

- **जागरूकता रैली का आयोजन किया, 15 दिन चलेगी गतिविधियां**

प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने के महत्व को उजागर करने के लिए अजमेर मंडल पर 22 मई से 5 जून 2025 तक विश्व पर्यावरण दिवस 2025 मनाया जाएगा।

प्लेटफॉर्मों पर सूखे व गीले कचरे को अलग अलग डस्टबिन में डालने और स्वच्छता के लिए जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। 28 से 30 मई 2025 तक प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने संबंधित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

31 मई से 2 जून तक सस्टेनेबल रेलवे ऑपरेशन से संबंधित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। 3 जून से 4 जून तक यात्री सहभागिता और जल संरक्षण से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाएगा जिसमें पर्यावरण से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

# विधानसभा अध्यक्ष देवनानी व भजनलाल सरकार की नाकामियों को किया उजागर

**अजमेर ।** पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने आज प्रेस वार्ता कर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की कार्यशैली, पद की गरिमा व निष्पक्षता पर सवाल उठाए और उनको कठघरे में खड़ा किया। पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी एक संवैधानिक पद पर आसीन है, उनके खिलाफ आरोप लगाना उचित नहीं है, लेकिन देवनानी अजमेर से विधायक भी है, विधायक होने के नाते उन पर सवाल उठना लाजिमी है, अगर वो विधानसभा की मर्यादाओं को तार तार कर रहे तो उससे भी बड़े सवाल करना विपक्ष की जिम्मेदारी भी है।



पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने प्रेस वार्ता को सम्बोधित किया।

देवनानी न तो अजमेर शहर का भला कर रहे है और न ही उनको विधानसभा की मर्यादा से कोई लेना देना है। देवनानी अपना राजनीतिक फायदा उठाने के लिए विधानसभा की मर्यादाओं को तार तार कर रहे है और इस पद का फायदे उठाते हुए अपनी ही पार्टी के विरोधी नेताओं को निशाना बना रहे है। देवनानी द्वारा लगातार ऐसे फैसले किए जा रहे हैं, जो इस पद की गरिमा एवं निष्पक्षता की कसौटी पर खरे नहीं उतरते हैं। पहले उन्होंने कांग्रेस के 6 विधायकों को निलंबित किया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा पर उनकी अनुपस्थिति में अवांछित टिप्पणी की जो जनमत का अपमान थी। उन्होंने सदस्यता निरस्त मामले में सवाल उठाते हुए कहा कि जब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला राहुल गांधी की सदस्यता निरस्त करने के लिए तत्काल फैसला ले सकते है तो फिर गत 1 मई को अंता से भाजपा विधायक कँवरपाल को तीन साल कारावास की सजा होने और जेल जाने के बावजूद उनकी सदस्यता क्यों रद्द नहीं की जा रही है, जबकि लिली थॉमस केस में सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट निर्देश हैं कि सांसद या विधायक को दो वर्ष की सजा होने पर उनकी सदस्यता सजा सुनाए जाने वाले दिन से ही रद्द हो जाएगी। उनका कहना है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद एवं वर्तमान विधायक नरेन्द्र बुढ़ानिया को 30 अप्रेल को विशेषाधिकार समिति का अध्यक्ष बनाया गया एवं अब केवल 15 दिन बाद ही विशेषाधिकार समिति के अध्यक्ष के पद से हटा दिया। इन समितियों के अध्यक्ष का कार्यकाल सामान्यत: कम से कम एक वर्ष का होता है। ऐसा विधानसभा में संभवत: पहली बार हुआ है कि 15 दिन में ही अध्यक्ष बदला गया हो। पिछले दिनों हुए नाज होटल अग्निकांड के बाद अजमेर के होटल व्यवसाइयों को जाँच के नाम पर जबरन परेशान किया जा रहा है, जबकि ये सभी

- **राहुल गांधी की सदस्यता तत्काल निरस्त तो विधायक कंवरपालल की सदस्यता अब तक रद्द क्यों नहीं**

होटलें नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों की देखरेख व संरक्षण में बनी है। नगर निगम प्रशासन व मेयर की मिलीभगत से हुए अवैध निर्माण विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को दिखाई नहीं दे रहे है और वो खामोश बने है। देवनानी की ओर से जिला प्रशासन की 65 से ज्यादा बैठके लेने के बावजूद अफसरशाही हावी नजर आ रही है। डिप्टी मेयर के खिलाफ अब तक कार्रवाई क्यों नहीं- पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने राज्य सरकार व पुलिस प्रशासन के खिलाफ बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि सोशल मीडिया एक्स अकाउंट पर कांग्रेस पार्टी के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में जिला पुलिस अधीक्षक व सीएम भजन लाल डिप्टी मेयर नीरज जैन के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहे है।

## सार-समाचार

### सम्राट पृथ्वीराज चौहान मैराथन दौड़ आज

**अजमेर ।** सम्राट पृथ्वीराज चौहान जयंती के अवसर पर इतिहास पुरुष के सम्मान में 23 मई शुक्रवार को प्रात: 6 बजे डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सर्किल से एक विशाल मैराथन दौड़ का आयोजन किया जायेगा। इस दौड़ में बच्चों से लेकर युवा, बुजुर्ग, बालिकाएं, महिलाएं तथा शहर की विभिन्न संस्थाओं के पुरुष एवं महिला धावक धाविका दौड़ लगाएंगे। समारोह समिति के खेल अधिकारी विनीत लोहिया जानकारी देते हुए बताया कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान की 859 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित 10 दिवसीय समारोह के अंतर्गत शुक्रवार को एक विशाल मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया है यह दौड़ प्रात: 6 बजे डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सर्किल बस स्टैंड के पास से प्रारंभ होकर एलिवेटेड रोड की ओर प्रस्थान करेगी। एलिवेटेड रोड के मध्य से जयपुर मार्ग की ओर उतरने वाली भुजा से घूम कर आगरा गेट, अग्रसेन सर्किल, जिला परिषद होते हुए पुन: अंबेडकर सर्किल पर संपन्न होगी। संयोजक अर्जुन नलिया अनुसार बुजुर्गों एवं सीनियर सिटीजन पुरुष एवं महिलाओं के लिए एक विशेष मार्ग का निर्धारण किया गया है। इसके अंतर्गत दौड़ में भाग लेने वाले इस वर्ग के सभी धावक धाविकाएं अंबेडकर सर्किल से प्रारंभ होकर जिला परिषद के सामने पटेल मैदान होते हुए श्री रामकृष्ण परमहंस सर्किल (आजाद पार्क) अजमेर क्लब बाबा ज्योतिबा राव फूले सर्किल कलेक्ट्रेट से होते हुए वापस अंबेडकर सर्किल पर संपन्न होगी। पूरी दौड़ के दौरान यातायात व्यवस्था एवं एंबुलेंस की व्यवस्था रहेगी मार्ग के माध्यम में पानी की व्यवस्था के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं के लिए भी आयोजन समिति के सदस्य उपलब्ध रहेंगे उन्होंने आ ान किया है कि सभी धावक धाविकाएं अपनी क्षमता अनुसार ही दौड़ लगाए। पूर्व उप महापौर संपत सांखला ने बताया कि इस मैराथन दौड़ में भाग लेने वाले सभी धावक धाविकाओं को संस्कार आयुर्वेदा केशव माधव परमार्थ मंडल अजमेर की ओर से उपहार स्वरूप टी-शर्ट फल एवं पानी की व्यवस्था की जाएगी तथा आयोजन समिति की ओर से सभी को प्रमाण पत्र के साथ-साथ प्रत्येक वर्ग में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले धावक धाविकाओं को समारोह समिति के मुख्य कार्यक्रम 24 मई को तारागढ़ तलहटी स्थित सम्राट पृथ्वीराज स्मारक पर पुरष्कृत किया जाएगा।

### हेलमेट अनिवार्यता को लेकर अभियान जारी

**ब्यावर** (निसं) जिला पुलिस व प्रशासन सड़क सुरक्षा के प्रति पूरी तरह गंभीर है। इसी क्रम में हाल ही में उपखंड अधिकारी श्री दिव्यांश सिंह के नेतृत्व में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम एवं कार्रवाई की जा रही है। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वाहन चालकों को हेलमेट की उपयोगिता के बारे में समझाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान अनेक दोपहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट पाए जाने पर उन्हें समझाइश दी गई, साथ ही आवश्यकता पड़ने पर चालान भी किए गए हैं। उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह ने बताया कि फिलहाल जनजागरूकता पर ज़ोर दिया जा रहा है, लेकिन शीघ्र ही हेलमेट पहनना अनिवार्य किया जाएगा। इस नियम का उल्लंघन करने पर रुपए 1000 के चालान का प्रावधान है। प्रशासन की अपील है कि सभी वाहन चालक सुरक्षित यात्रा के लिए हेलमेट का नियमित उपयोग करें और नियमों का पालन करते हुए दूसरों को भी प्रेरित करें।

### छात्राओं ने मेट गाला लुक किया तैयार

**ब्यावर** (निसं) श्री वद्धर्मान शिक्षण समिति द्वारा संचालित वद्धर्मान इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन डिजाइनिंग एवं मेकअप आर्टिस्ट विभाग की छात्राओं ने मेट गाला लुक तैयार कर फैशन और कला को एक अनोखे अंदाज में एक साथ जोड़ा । उत्साही छात्राओं के रचनात्मक डिजाईन और मेकअप से परिसर आकर्षण से भर गया। छात्राओं ने द वाइट कारपेट ,मेस्सी डेविल थीम, वेलवेट वैनिटी, हेलिओस, अधीरा, प्रिटी पेटल्स थीम पे ड्रेस डिजाइन और मेकअप किया। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढ़ा ने निभाते हुए प्रतिभागियों के कार्यों का सूझ-बूझ से मूल्यांकन करते हुए प्रथम स्थान अधीरा ठ्ुप, द्वितीय स्थान मेसी डेविल ठ्ुप और तृतीय स्थान हेलिओंस ठ्ुप को घोषित किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर. सी. लोढ़ा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि हर डिजाइन यह साबित करता है कि फैशन वास्तव में एक वैश्विक भाषा है। ऐसे आयोजनो से छात्राओं में प्रतिस्पर्धा एवं सहयोग की भावना का विकास होता है। इस रचनात्मक आयोजन को सफल बनाने में नोडल अधिकारी छवि गरवाल, व्याख्याता रितु प्रजापति, प्रियंका मंगरोला, नीलम खत्री एवं भावना सोनी का विशेष योगदान रहा ।

### झील से जलकुंभी हटाने की मुहिम

**अजमेर ।** अजमेर की ऐतिहासिक आनासागर झील और उसकी सहायक बांडी नदी को जलकुंभी से मुक्त करने का काम नगर निगम प्रशासन ने शुरू कर दी है। गुरुवार को जेसीबी और सफाई कर्मियों द्वारा बांडी नदी से जलकुंभी हटाई जा रही है। मालूम हो कि पिछले कई वर्षों से आनासागर झील जलकुंभी की समस्या से जूझ रही है। नगर निगम प्रशासन द्वारा शुरू कर दिया है। जेसीबी मशीनों और मजदूरों की मदद से जलकुंभी निकालने का कार्य किया जा रहा है। बांडी नदी में पनप रही जलकुंभी मानसून के दौरान झील में पहुंचकर स्थिति को और गंभीर बना देती है । नगर निगम ने इस समस्या से निपटने के लिए करीब छह करोड़ रुपये खर्च किए, विशेषज्ञों की सलाह ली और नई मशीनें खरीदीं, लेकिन ठोस नतीजे नहीं मिले। झील की सतह पर फैल रही जलकुंभी न केवल इसकी प्राकृतिक सुंदरता को नष्ट कर रही है, बल्कि पानी को विषैला बनाकर जलीय जीवन को भी खतरे में डाल रही है। भीषण गर्मी के चलते और गंदा पानी होने से आनासागर झील की मछलियां भी दम तोड़ रही है।

### स्वास्थ केंद्र का जायजा लिया

**मेड़ता सिटी ।** मेड़ता ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर के तंवर ने गुरुवार को प्राथमिक स्वास्थ केंद्र खाखड़की का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया वही टीकाकरण दिवस की मॉनिटरिंग की । ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ तंवर ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खाखड़की का निरीक्षण किया गया जिसमें टीकाकरण की मॉनिटरिंग की गई ओर वैक्सीन की जांच पड़ताल की गई । वही मुख्यमंत्री नि:शुल्क जांच व दवा योजना की भी मॉनिटरिंग की गई । इस मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ भूपेंद्र रिया, महेंद्र सिंह, महावीर मांकड़, गुड्डी देवी, सुशील खुडखुड़िया सहित स्टाफ मौजूद थे।

### कथा ज्ञान यज्ञ आज से

**अजमेर ।** जूना अखड़े के महंत नरेंद्र गिरि महाराज के सान्निध्य में परीक्षित विद्यासागर सविता एवं मुन्नी देवी वालों की ओर से सात दिवसीय संगीतय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ शुक्रवार से भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू होगी। कथा का वाचन वृंदावन धाम के कथा व्यास पंडित बृजमोहन शास्त्री अपने मुखारबिंद से करेंगे। आयोजक जूना अखाड़े के महंत नरेंद्रगिरि महाराज ने बताया कि परीक्षित विद्यासागर सविता एवं मुन्नी देवी की ओर से सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का आयोजन 23 से 29 मई तक आयोजित होगी।

### अजमेर जिला प्रशासन अलर्ट मोड़ पर

**अजमेर,** (कासं)। यूपीएससी सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 25 मई को आयोजित होगी। परीक्षा के आयोजन को लेकर अजमेर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। कलेक्टर लोक बंधु ने परीक्षा के सुचारू, शांतिपूर्ण और पारदर्शी संचालन सुनिश्चित करने के लिए तैयारियों की समीक्षा बैठक ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला कलेक्टर लोक बंधु ने अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए कि परीक्षा का आयोजन संघ लोक सेवा आयोग की गाइडलाइन के अनुसार किया जाएगा। सभी केंद्राधीक्षकों, पर्यवेक्षकों और कार्मिकों आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करेंगे। किसी भी समस्या की स्थिति में कलेक्ट्रेट में स्थापित नियंत्रण कक्ष को सूचित करने को कहा गया। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों का गेट परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। अनुचित साधनों पर रहेगा प्रतिबंध: परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ डिवाइस, स्मार्ट घडियां, पेन ड्राइव, प्रोग्राम्ड डिवाइस या अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स लाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही सभी परीक्षा केंद्रों पर जैमर लगाए जाएंगे, जो नेटवर्क, वाईफाई और ब्लूटूथ को अवरुद्ध करेंगे। परीक्षा समन्वयक नंदकिशोर प्रजापति ने केंद्राधीक्षकों और पर्यवेक्षकों को यूपीएससी की गाइडलाइन से अवगत कराया।

